Need to promote generation of Solar power in rural areas of Madhya Pradesh

डॉ. लता वानखेड़े (सागर) : माननीय सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय ऊर्जा मंत्री जी से कहना चाहती हूँ कि ऊर्जा मंत्रालय के द्वारा ऊर्जा के क्षेत्र में, विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए किये गये प्रयासों की सराहना करती हूँ । सौर ऊर्जा के क्षेत्र में हुई प्रगति ने न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया, बल्कि आम नागरिकों को, खास करके ग्रामीण परिवारों और किसानों को किफायती और स्वच्छ ऊर्जा भी उपलब्ध कराने में मदद की है ।

मैं मध्य प्रदेश से आती हूँ, जहाँ 70 प्रतिशत नागरिक आज भी ग्रामीण अंचलों में रहते हैं । मेरे संसदीय क्षेत्र सागर में भी बहुत ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र हैं । मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहती हूँ कि मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अब तक कितने सौर संयंत्र स्थापित किये जा चुके हैं? क्या हर गांव को सौर ऊर्जा से जोड़ने के लिए कोई विशेष योजना बनाई गई है? साथ ही, कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा के अधिकतम उपयोग के लिए किसानों को सोलर पैनल के लिए विशेष अनुदान देने की दिशा में आपकी आगामी कार्य योजना क्या है, ताकि हमारे किसान भाई सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा का लाभ उठा सकें?

इसके अतिरिक्त स्मार्ट विलेज विकसित करने की दिशा में आपके मंत्रालय द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कौन सी आगामी नीतियां और योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिससे गांवों में ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित हो और महिलाएं व किसान सशक्त हों ।

माननीय सभापति महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र की 650 ग्राम पंचायतों में 3,300 गांव आते हैं । मैं चाहती हूं कि वे स्मार्ट विलेजेज़ बनें और सभी में सोलर पैनल के माध्यम से ऊर्जा मिले ।

धन्यवाद ।